कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–द्वितीय,
33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, सेक्टर–18(असंल),
नौएडा (गौतमबुद्धनगर)

विज्ञापन आदेश

प्रेषक :–

अधीक्षण अभियन्ता
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
विद्युत नगरीय वितरण मडल–द्वितीय,
नौएडा ।

पत्र सं0 : 3106 /वि0न0वि0मं0–द्वि0/नोएडा/दिनांक 09/08/24

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला
नई दिल्ली

विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्दुस्तान
नई दिल्ली

विषय : विज्ञापन प्रकाशन के संबंध में ।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 10.08.2024 तक के अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी समाचार पत्रों के लिये 8–10 प्वांइन्ट में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वांइन्ट में रनिग मैटर में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग के नीचे के नाम व पता यथा सम्भव एक लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें। विज्ञापन में शीर्ष पर निगम का मोनोग्राम एवं सबसे नीचे इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक भी सबसे छोटे पठनीय टाईप में अवश्य प्रकाशित करें।

1. वर्गीकृत विज्ञापन दो कॉलम में (चौड़ाई 8 से0मी0) अथवा निविदा शुद्धिकरण/वैधानिक सूचनाओं को 1 कॉलम (चौड़ाई 4 से0मी0) में प्रकाशित करें निगम का नाम **''पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0'' 14 फोन्ट साईज B/W पट्टी तथा बोल्ड शब्दों (चौड़ाई 1 से0मी0)** में प्रकाशित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियॉ अलग–अलग संलग्न करते हुए भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान संभव न होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री हिन्दी समाचार पत्र में हिन्दी भाषा में ही किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा पत्र की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाषित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा संबंधित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।
5. टेन्डर/सूचना इत्यादि उपरोक्त निर्धारित तिथि के बाद निगम की पूर्वानुमति के बिना कदापि प्रकाशित न करें।
6. यदि आपकी सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन डी0ए0वी0पी0 निदेशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकार न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
7. विज्ञापन के अंत मे सबसे छोटे टाइप में ''विद्युत हैल्पलाईन 1800–180–3002(मेरठ), 1800–180–8752 (लखनऊ)'' तथा ''राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें'' का नारा अवश्य प्रकाषित करें।
8. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका अथवा निरस्त किया जा सकता है।

9- G.S.T as applicable.

संलग्नक : यथोपरि ।

भवदीय,

Superintending Engineer
अधीक्षण अभियन्ता
Elect. Urban Distribution Circle -II,
33/11 KV Sub-Station, Sector-18 (Ansal)
Noida.

पत्रांक : 3106 /वि0न0वि0मं0–द्वि0/नौ0/ दिनांक 09/08/2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. मुख्य अभियन्ता,नौएडा क्षेत्र,प0वि0वि0नि0लि0,नौएडा ।
2. अधीक्षण अभियन्ता(वाणिज्य) पश्चिमांचल विधुत वितरण निगम लि0,मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया सलंग्न निविदा सूचना को पश्चिमांचल विधुत वितरण निगम लि0,मेरठ की वेबसाइट पर डलवाने की कृपा करें
3. सहायक जनसंपर्क अधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ ।
4. नोटिस बोर्ड ।

संलग्नक : यथोपरि ।

Superintending Engineer
Elect. Urban Distribution Circle -II
33/11 KV Sub-Station, Sector-18 (Ansal)
Noida.

**पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

विद्युत सुरक्षा निदेशालय से 'क' प्रमाण पत्र प्राप्त, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित फर्मो/एजेन्सीयों से ऑनलाईन www.etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न कार्य हेतु अल्पकालीन ई–निविदा दिनांक 23.08.2024 समय 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा का प्रथम भाग उसी दिन समय 17:00 बजे खोला जायेगा।

1. ई0–निविदा सं0–18/2024–25/कार्य पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड – चतुर्थ, दादरी के क्षेत्र में 11 केवी स्वतंत्र पोषक एयर फोर्स स्टेशन, डेरी मच्छा, दादरी की 11 केवी ऑवरहैड लाईन के स्थान पर नई 11 केवी भूमिगत लाईन का निर्माण एवं क्यूबीकल मीटर के स्थानान्तरण करने से सम्बन्धित कार्य।
2. ई0–निविदा सं0–19/2024–25/कार्य पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड – चतुर्थ, दादरी के क्षेत्र में उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, सेतु ईकाई ग्रेटर नोएडा द्वारा उपरिगामी सेतु के निर्माण में बाधक 33 केवी ओवरहैड लाईन को स्थानान्तरण उपरान्त भूमिगत करने से सम्बन्धित कार्य।
3. ई0–निविदा सं0–20/2024–25/कार्य विद्युत वितरण खण्ड – चतुर्थ, दादरी के कार्यक्षेत्र में जमा योजना मद में स्वीकृत एल.टी., 11केवी व 33 केवी विद्युत लाईन, मीटरिंग सिस्टम, परिवर्तक एवं अन्य विद्युतीकरण शिफ्टिंग इत्यादि समस्त कार्य हेतु रनिंग ई–निविदा अनुबंधित करने से सम्बन्धित।
4. ई0–निविदा सं0–21/2024–25/कार्य विद्युत वितरण खण्ड – चतुर्थ, दादरी के कार्यक्षेत्र में जमा योजना मद में स्वीकृत विभिन्न संयोजन निर्गत करने हेतु नई लाईन निर्माण व विद्युतीकरण इत्यादि समस्त कार्य हेतु रनिंग ई–निविदा अनुबंधित करने से सम्बन्धित।
5. ई0–निविदा सं0–22/2024–25/कार्य विद्युत नगरीय वितरण खण्ड – द्वितीय, नोएडा के कार्यक्षेत्र में जमा योजना मद में स्वीकृत विभिन्न संयोजन निर्गत करने हेतु नई लाईन निर्माण व विद्युतीकरण इत्यादि समस्त कार्य हेतु रनिंग ई–निविदा अनुबंधित करने से सम्बन्धित।

निविदा से सम्बंधित समस्त व पूर्ण विवरण, धरोहर राशि, निविदा शुल्क तथा संशोधन/निविदा विस्तार की जानकारी निगमीय वेबसाइट www.pvvnl.org तथा ई–टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–द्वितीय, नौएडा।

Superintending Engineer
Elect. Urban Distribution Circle -II,
33/11 KV Sub-Station, Sector-18 (Ansal)
Noida.